भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.01.2024

## 75 वें गणतंत्र दिवस पर तिरंगा रंग में रंगा आरेडिका

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना दिनांक 26.01.2024 को 75वाँ गणतंत्र दिवस पर भारत माता के जय घोषों के साथ तिरंगा रंग में रंग गया । गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम आरेडिका आवासीय परिसर के भागीरथी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया। महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश कल्याण निगम लिमिटेड, भारत स्काउट्स एण्ड गाइड जिला आरेडिका/रायबरेली ने भाग लिया ।

महाप्रबंधक महोदय ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आरेडिका परिवार के लोगों को बधाई दी। अपने अभिभाषण में उन्होंने कहा कि, हमारा यह कर्तव्य है कि हम आपसी एकता और भाईचारे को बनाए रखते हुए काम करें और देश की उन्नति में अपना योगदान दें।

आगे आरेडिका की उपलब्धियों का विस्तार से वर्णन करते हुए उन्होने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 20 प्रतिशत अधिक कोचों का उत्पादन किया गया। आरेडिका विश्व स्तरीय कोचों का निर्माण कर यात्रियों के लिए आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा के लक्ष्य को पूरा कर रहा है, अपने विकास की श्रृंखला में लगातार आगे बढते हुए आरेडिका ने इस वर्ष 11,000वें कोच का निर्माण पूर्ण किया है। आरेडिका भारतीय रेलवे के साथ–साथ मोजाम्बिक रेलवे के लिए भी कोचों का निर्माण कर विश्व बाजार में अच्छी छवि बना रहा है। आरेडिका तेजस, भारत गौरव, एसी इकोनोमी आदि कोचों के निर्माण के साथ–साथ मेमू, वन्देभारत कोचों के निर्माण की ओर अग्रसर है। नये वेरिएण्ट के कोचों जैसे–मेमू, वन्देभारत आदि के उत्पादन को गति प्रदान करने के लिए इन्फ्रास्ट्रचर का विस्तार किया जा रहा है, आरेडिका रेलवे बोर्ड द्वारा प्राप्त लक्ष्य को पूरा करने के लिए कटिबद्ध हैं।

साथ ही उन्होने कहा कि, उत्पादन के साथ–साथ आरेडिका भारत सरकार की रेल कौशल विकास, खेलो इण्डिया, आत्मनिर्भर भारत, हरित ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण जैसी योजनाओं में सरकार के कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए इस वर्ष 85,000 वृक्षों का रोपण कार्य किया गया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक संगठन द्वारा भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत, समूह गान और नृत्य प्रस्तुत किया गया। बच्चों एवं महिलाओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया, विभिन्न विभागों के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाप्रबंधक महोदय, ने विभिन्न विभागों के साथ–साथ सांस्कृतिक संगठन एवं स्काउट्स एण्ड गाइड के लिए पुरस्कारों की घोषणा की।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, रेलवे सुरक्षा बल के जवान, यूनियनों एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि व कर्मचारी एवं उनके परिवार उपस्थित रहे।

इसी के साथ–साथ ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं एवं ज्ञानदा बाल मंदिर की अध्यापिकाओं के साथ विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया।

(आर.एन.तिवारी ) 26.1.2024

मुख्य जन संपर्क अधिकारी